# छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (CGRIDCL) अंतर्गत जिला धमतरी के मेघा–सिंगपुर–दुगली मार्ग के किमी. 1/2 से 12/10=12.00 किमी. का उन्नयन एवं नवीनीकरण तथा 16/2 से 31/10=16.00 किमी. (वास्तविक लंबाई 23.00 किमी.) चौड़ीकरण कार्य, कुल लंबाई 35.00 किमी. में से 23.715 किमी. में वन व्यपवर्तन का औचित्य

ज्ञाप. क्र. 1840 /शिल्प–22/वन प्रत्यावर्तन/ धमतरी, दिनांक 20/04/ 2022

—000—

**बिन्दु क्र.** D-1 (a):–जिला धमतरी के मेघा–सिंगपुर–दुगली मार्ग के किमी. 1/2 से 12/10=12.00 किमी. का उन्नयन एवं नवीनीकरण तथा 16/2 से 31/10=16.00 किमी. (वास्तविक लं. 23.00 किमी.) चौड़ीकरण कार्य, कुल लंबाई 35.00 किमी. निर्माण कार्य हेतु कुल राशि रू. 7062.11 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई है। वर्तमान मार्ग डामरीकृत मार्ग है, जिसका उन्नयन एवं चौड़ीकरण कर नवीन डामरीकृत मार्ग के निर्माण होने से वनांचल क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय रहवासियों को ब्लॉक मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय आने–जाने के साथ ही साथ शिक्षा तथा धान उपार्जन केन्द्र आने–जाने हेतु बारहमासी डामरीकृत सड़क की सुविधा उपलब्ध होगी।

उक्त विद्यमान मार्ग पूर्व से डामरीकृत मार्ग है, जिसके एकरेखण में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा है तथा प्रस्तावित मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में वन भूमि होने के कारण वन व्यपवर्तन आवश्यक है।

अन्य विकल्पों के चयन में वन भूमि की अधिक आवश्यकता होगी साथ ही वृक्षों की कटाई भी अधिक संख्या में आयेगी। अतः विद्यमान मार्ग एकमात्र उचित विकल्प है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी
संभाग–धमतरी (छ.ग.)